Category II- Small Branch

Monthly Activity Report

For the Month of August 2023

1. CPE Program

i. Members Seminar:

Topic: CARO 2020, Schedule III & Company Act 2013

Venue: Seventeen Degree Hotel Bank More Dhanbad

Speaker: **CA Kartik Jindal & Ashim Prakash**

Date: **05-08-2023, Time :- 1 0 :00 AM to58:00 PM, CPE-06**

2. Campus-Shakambhari Ispat and Power Limited on 04-08-2023

3. CA Students National Talent Search – 2023 Quiz & Debate Contest on 09-08-2023

4. E-Newsletter for the Month of August 2023

5. Press Release

टैक्स आडिट करते समय सीए दें विशेष ध्यान

संगोष्ठी मे उपस्थित आइसीएआइ की धनबाद शाखा के सदस्य • जागरण

जासं, धनबाद : द इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स आफ इंडिया (आइसीएआइ) धनबाद शाखा और कारपोरेट कानून एवं कारपोरेट प्रशासन समिति ने शनिवार को सीए सदस्य के लिए संगोष्ठी का आयोजन किया। इसका विषय टैक्स आडिट, सीएआरओ 2020, कंपनी एक्ट 2013 आदि रहा। मुख्य वक्ता दिल्ली के सीए कार्तिक जिंदल और कोलकाता के सीए असीम प्रकाश ने टैक्स आडिट पर चर्चा की। आइसीएआइ के सचिव सीए शुभम खंडेलवाल ने बताया कि यह कार्यशाला आज के समय आए नए परिवर्तन और संशोधन को ध्यान में रखते हुए किया गया है। मुख्य वक्ता सीए कार्तिक जिंदल ने सीएआरओ 2020 के बारे में बताया कि किस-किस कंपनी पर यह लागू होगा और किस पर नहीं। फैकेल्टी सीए असीम प्रकाश ने टैक्स आडिट पर सभी सीए को जानकारी दी। बताया कि सीए को टैक्स आडिट करते हुए विशेष ध्यान देने की जरूरत है। कार्यशाला में 35 से अधिक सीए सदस्य शामिल हुए। सीए नंद किशोर तुलस्यान, सीए एसएस जायसवाल उपस्थित थे।

वाद-विवाद में काजल सिंह और प्रश्नोत्तरी में श्रेयांशी बनीं विजेता

धनबाद | दी इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की सिकासा धनबाद शाखा की ओर से सीए छात्र प्रतिभा खोज 2023 प्रश्नोत्तरी और वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कुल 25 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रश्नोत्तरी में विजेता श्रेयांशी खेतान और दूसरे स्थान पर नशरीन फरहत रहीं। वाद-विवाद प्रतियोगिता की विजेता काजल सिंह और दूसरे स्थान पर आदित्य भाटिया रहे। सीए छात्र प्रतिभा खोज 2023 के दूसरे चरण में विजेता आईसीएआई की आगरा शाखा में भाग लेंगे और धनबाद शाखा का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस दौरान विजेताओं को आईसीएआई धनबाद शाखा की ओर से पुरस्कृत किया गया। मौके पर अध्यक्ष सौरव अग्रवाल, उपाध्यक्ष राहुल सुरेका, सचिव शुभम खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष नंद किशोर तुलस्यान, सिकासा अध्यक्ष एसएस जायसवाल, अनूप गुप्ता आदि मौजूद थे।

आइसीएआइ : प्रश्नोत्तरी व वाद-विवाद प्रतियोगिता

धनबाद. दी इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की धनबाद शाखा की ओर से बुधवार को सीए छात्र प्रतिभा खोज 2023 प्रश्नोत्तरी व वाद-विवाद प्रतियोगिता करायी गयी. उद्घाटन अध्यक्ष सौरव अग्रवाल, उपाध्यक्ष राहुल सुरेका, सचिव शुभम खंडालवाल, कोषाध्यक्ष नंद किशोर तुलस्यान, सिकासा अध्यक्ष एसएस जयसवाल ने किया. प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में श्रेयांशी खेतान प्रथम, नसरीन फरहत दूसरे स्थान पर व वाद-विवाद में काजल सिंह व आदित्य भाटिया दूसरे स्थान पर रहे. विजेता छात्र सीए छात्र प्रतिभा खोज 2023 के दूसरे चरण में आइसीएआइ की आगरा शाखा में धनबाद शाखा का प्रतिनिधित्व करेंगे. सफल विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया. इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शाखा के प्रबंध समिति का सहयोग रहा.

आइसीएआइ का कारो-2020 पर संगोष्ठी

धनबाद . आइसीएआइ की धनबाद शाखा, कॉर्पोरेट कानून व कॉर्पोरेट प्रशासन समिति के साथ संयुक्त रूप से सीए सदस्य के लिए शनिवार को संगोष्ठी का आयोजन यहां के एक होटल में किया गया. मुख्य वक्ता दिल्ली से आये आइसीएआइ एएसबी के सहयोजित सदस्य कार्तिक जिंदल थे. उन्होंने कारो-2020 पर चर्चा की. बताया कि किस-किस कंपनी पर कारो लागू होगा और किस-किस पर नहीं होगा. कोलकाता से आये सीए असीम प्रकाश ने टैक्स ऑडिट पर चर्चा की. शुभम खंडेलवाल ने बताया कि यह कार्यशाला वर्तमान में आये नये परिवर्तन व संशोधन को ध्यान में रखते हुए किया गया है. कार्यशाला को सफल बनाने में आइसीएआइ के कोषाध्यक्ष नंद किशोर तुलस्यान, एसएस जायसवाल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी.